Cambridge Assessment International Education

# MOUNT CARMEL INTERNATIONAL SCHOOL, AKOLA

## CAMBRIDGE LOWER SECONDARY IGCSE (TERM END Examinations-I)

**Grade: 7** **Subject: Hindi** **Date: 09.11.2024**

**Candidate Name: ___________________________________ Roll Number: _____**

**Max Marks: 70** **Time Duration: 90 minutes** **Invigilator's Sign:**

| SCRUTINY | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Q1 | | Q11 | | Q21 | | Q31 | | Q41 | | Q51 | |
| Q2 | | Q12 | | Q22 | | Q32 | | Q42 | | Q52 | |
| Q3 | | Q13 | | Q23 | | Q33 | | Q43 | | Q53 | |
| Q4 | | Q14 | | Q24 | | Q34 | | Q44 | | Q54 | |
| Q5 | | Q15 | | Q25 | | Q35 | | Q45 | | Q55 | |
| Q6 | | Q16 | | Q26 | | Q36 | | Q46 | | Q56 | |
| Q7 | | Q17 | | Q27 | | Q37 | | Q47 | | Q57 | |
| Q8 | | Q18 | | Q28 | | Q38 | | Q48 | | Q58 | |
| Q9 | | Q19 | | Q29 | | Q39 | | Q49 | | Q59 | |
| Q10 | | Q20 | | Q30 | | Q40 | | Q50 | | Q60 | |

| Marks Obtained | | | |
|---|---|---|---|
| | | | |
| 70 | 30 | 100 | Grade |

**Sub. Tr. Sign: _______**

**प्रश्न 1 अ) दुनिया की पाँच रिकॉर्डधारी किताबें आलेख को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।** **(7)**

**(The extract is given on a separate paper)**

1. दुनिया की सबसे महँगी किताब को किसने खरीदा?

_______________________________________________

2. दुनिया की सबसे छोटी किताब कौन सी है?

_______________________________________________

3.'डायमंड सूत्रा' किताब को कब तथा कहाँ पर छापा गया?

_______________________________________________

4. बाइबिल का अनुवाद कितनी भाषाओं में हो चुका है?

_______________________________________________

5. 4,032 पन्नों की किताब किस विषय वस्तु पर आधारित है?

______________________________________________________________________

6.'Scientist' इस अंग्रेजी शब्द का पर्यायवाची शब्द दिए गए आलेख से ढूँढिए ।

______________________________________________________________________

7. वर्णविच्छेद कीजिए ।

तात्पर्य :____________________________________________________________

**ब) पठित गद्यांश पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए।** **(6)**

**(The extract is given on a separate paper)**

1. लेखक ने चोट पर लगाने के लिए क्या खरीद लिया था?

______________________________________________________________________

2. इस काम के लिए ______________ भी बनवा लिए हैं।

3. लेखक ने साइकिल किससे माँगी?

______________________________________________________________________

4. लेखक लारेंस बाग में ही साइकिल चलाना क्यों सीखना चाहते थे?

______________________________________________________________________

______________________________________________________________________

5. 'घाव' शब्द का पर्यायवाची शब्द गद्यांश से ढूँढकर लिखिए।

______________________________________________________________________

6. गद्यांश से द्वित्त्व व्यंजन से बना हुआ शब्द लिखिए।

______________________________________________________________________

**क) निम्नलिखित लोकोक्ति का अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग कीजिए।** **(2)**

1. कंगाली में आटा गीला - ____________________________________________

______________________________________________________________________

**ड) प्रस्तुत पद को उचित शब्दों से पूरा कीजिए।** **(2)**

मैं नहीं ____________________खायो

मैया मैं नहीं माखन खायो।

ख्याल परै ये सखा सबै मिलि

मेरैं मुख____________

**इ) अशुद्ध वर्तनी को शुद्ध करके वाक्य पुनः लिखिए।** **(1)**

1. बलदेव श्रीक्रष्ण को बहोत साताते थे।

_______________________________________________________________________

**ई) किसने किससे कहा?** **(1)**

"तुम हर समय बहस ना किया करो। आखिर में इन्हें ढूँढ - ढाँढ कर लाया हूँ तो ऐसे ही तो नहीं उठा लाया।"

_______________________________________________________________________

**प्रश्न 2 अ) अपठित पद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए।** **(5)**

**(The extract is given on a separate paper)**

1. पद्यांश में कौन सी बात कभी न कहने के लिए कहा गया है?

_______________________________________________________________________

2. किसे चलना नहीं सिखाया जा सकता है?

_______________________________________________________________________

3. जल में गए बिना क्या नहीं सिखा जा सकता?

_______________________________________________________________________

4. किसी भी कार्य के लिए क्या कहकर खुश रहना चाहिए?

_______________________________________________________________________

5. कौन तैरना नहीं सीख सकता?

_______________________________________________________________________

**ब) अर्थ के आधार पर वाक्य के कितने भेद है कोई भी दो भेद लिखिए।** **(2)**

______________________________________________________________

______________________________________________________________

**क) 'कितनी बार झूठ बोलते है हम' आलेख को पढ़कर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

**(The extract is given on a separate paper)** **(8)**

1. वैज्ञानिकों ने किस बात पर अधिक शोध किया है?

______________________________________________________________

2. एक व्यक्ति प्रतिदिन कितनी बार झूठ बोलता है?

______________________________________________________________

3. सबसे कम झूठ बोलने वाले लोग किस व्यवसाय से संबंधित होते हैं और क्यों?

______________________________________________________________

______________________________________________________________

4. हम कैसे अंदाज़ा लगा सकते है कि कोई व्यक्ति झूठ बोल रहा है?

______________________________________________________________

5. किस प्रकार का झूठ अपराध माना जाएगा और किस प्रकार का नहीं?

______________________________________________________________

6. 'Psychologist' इस अंग्रेज़ी शब्द को हिंदी में क्या कहते हैं?

______________________________________________________________

7. 'अभिनेत्री' शब्द का वचन बदलकर लिखिए।

______________________________________________________________

8. लिंग बदलिए।

अभिनेता - ________________________

**ड) पठित कविता 'पद्मिनी की ललकार’ के अनुसार सही विकल्प चुनकर रिक्त स्थान भरिए । (3)**

1. पद्मिनी का शृंगार उसकी _____________थी।

अ. चूड़ियाँ ब. मेहंदी क. वीरता ड. इनमें से कोई नहीं

2. पद्मिनी खिलजी की_____________ को समझ गई थी।

अ. युद्ध कला ब. खोटी नीयत क. दोस्ती ड. इनमें से कोई नहीं

3. पद्मिनी को खिलजी से अपनी और मेवाड़ की स्त्रियों के सम्मान की खातिर ___________करना पड़ा।

अ. गौहर ब. समझौता क. जौहर ड. पता नहीं

**इ) निम्नलिखित वाक्यों को उचित समुच्चयबोधक शब्द से पूरा कीजिए। (2)**

1. साइकिल चलाना कठिन तो है ___________संभव नहीं। ( और /लेकिन /ताकि)

2. लेखक को मालूम नहीं था _________साइकिल चलाना आसान नहीं। (कि / अतः /यदि)

**ई) निम्नलिखित शब्दों में 'इक' प्रत्यय लगाकर लिखिए। (2)**

1. इतिहास - _____________ 2. समाज - _____________

**प्रश्न 3 अ) निम्नलिखित उर्दू भाषा के शब्दों को उनके उचित विलोम से मिलाइए। (3)**

| | |
|---|---|
| 1. खुशरंग | नशुक्रगुजार |
| 2. शुक्रगुज़ार | बदरंग |
| 3. अक्लमंद | बेअक्ल |

**ब) निम्नलिखित वाक्यों से क्रियाविशेषण शब्द चुनकर उन्हें रेखांकित करिए । (2)**

1. इस काम को ध्यानपूर्वक करो।

2. पुलिस को देख चोर डरकर भाग गया।

**क) शब्दों के सही अर्थ पर सही (√) का निशान लगाइए।** **(2)**

1. सुता - स्त्री ☐ वीरांगना ☐ औरत ☐ क्षत्राणी ☐

2. भामिनी - औरत ☐ क्षत्राणी ☐ महिला ☐ पत्नी ☐

**ड) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए।** **(4)**

1. लेखक ने साइकिल सीखने जाने से पहले क्या-क्या तैयारियाँ की?

_______________________________________________

_______________________________________________

_______________________________________________

2. सूरदास जी का जीवन परिचय अपने शब्दों में लिखिए।

_______________________________________________

_______________________________________________

_______________________________________________

**इ) नीचे दिए गए वक्तव्य को पढ़िए तथा कोष्ठक में सही(√) का निशान लगाकर बताइए कि कौन - सा अनुच्छेद (A- D) किस वक्तव्य से संबंधित है।** **(8)**

**(The extract is given on a separate paper)**

1. बताता है कि पवन चौहान घर के छत पर लगे सोलर पैनल से बिजली का पैसा बचाते है।

A ☐ B ☐ C ☐ D ☐

2. बताता है कि राजस्थान अब घर की छत पर सौर ऊर्जा के माध्यम से बिजली बचाने का अभियान चला रहा है।

A ☐ B ☐ C ☐ D ☐

3. बताता है कि 88 मेगावॉट बिजली छतों से ग्रिड में जा रही है।

A ☐ B ☐ C ☐ D ☐

4. बताता है कि सरकार द्वारा 30 प्रतिशत की सब्सिडी दी जा रही है।

A ☐ B ☐ C ☐ D ☐

5. बताता है कि राज्य के मुख्यमंत्री ने भी अपने घर को सोलर ऊर्जा से परिपूर्ण कर लिया है।

A ☐ B ☐ C ☐ D ☐

6. बताता है कि सौर ऊर्जा के उपयोग के बाद बची हुई बिजली को आप ग्रिड में बेच भी सकते हैं।

A ☐ B ☐ C ☐ D ☐

7. बताता है कि 5 से 8 किलोवाट का सोलर सिस्टम लगाने के लिए पाँच लाख के करीब खर्चा होता है।

A ☐ B ☐ C ☐ D ☐

8. बताता है कि आने वाले पाँच वर्षों में सरकार का लक्ष्य 2300 मेगावॉट बिजली उत्पादन करना है।

A ☐ B ☐ C ☐ D ☐

**लेखन कौशल**

**प्रश्न 4 अ) नीचे दिए गए किसी एक विषय पर अपनी डायरी लिखिए।** **(5)**

1. पुरस्कार मिलने पर
2. आपके मनपसंद खिलाड़ी से भेंट होने पर

______________________________________________________________________

______________________________________________________________________

______________________________________________________________________

______________________________________________________________________

______________________________________________________________________

______________________________________________________________________

______________________________________________________________________

______________________________________________________________________

______________________________________________________________________

______________________________________________________________________

______________________________________________________________________

______________________________________________________________________

______________________________________________________________________

**ब) निम्नलिखित मुद्दों के आधार पर 70 से 80 शब्दों में कहानी लिखकर उसे उचित शीर्षक दीजिए तथा सीख लिखिए। (5)**

कार में बैठते हुए सेठ का बटुआ गिरना...गरीब विद्यार्थी को मिलना.... बटुआ अपने स्कूल के हेडमास्टर को देना... समाचार पत्र में खबर ... सेठ का स्कूल आना.... सच्चाई पर खुश... उस विद्यार्थी की उच्च शिक्षा की पढ़ाई का खर्चा देना...बड़ा होने पर नौकरी देना ।

______________________________________________

______________________________________________

______________________________________________

______________________________________________

______________________________________________

______________________________________________

______________________________________________

______________________________________________

______________________________________________

______________________________________________

______________________________________________

______________________________________________

______________________________________________

______________________________________________

______________________________________________

______________________________________________

______________________________________________

______________________________________________

*************************

# Extract (Grade 7)

**प्रश्न 1. अ)**

छोटी सी किताबों की दुनिया बेहद विशाल है । उनमें अणु से लेकर ब्रम्हांड तक का जिक्र है। एक नजर कुछ बेहद दिलचस्प किताबों पर। 15 वी शताब्दी में लियोनार्डो दा विंची द्वारा लिखी गई किताब " कोडेक्स लेस्टर" न्यूयॉर्क के क्रिस्टीज ने नीलाम की। 1994 में हुई उस नीलामी में महान पेंटर और वैज्ञानिक की ये किताब 3.08 करोड डॉलर में बिकी। किताब को दुनिया के सबसे अमीर शख्स बिल गेट्स ने खरीदा। जर्मनी में गुटेनबर्ग की बाइबल के छपने से भी 600 साल पहले चीन मे छपाई की अलग तकनीक विकसित हो चुकी थी। 868 ईसवी में चीन में छपी डायमंड सुत्रा को दुनिया की सबसे पुरानी प्रिंटेड किताब माना जाता है। इसमें बुद्ध और उनके शिष्य के बीच का संवाद है। कभी इतनी छोटी किताब को आपने देखा है कि नज़र भी ना आए आकार 0.74 गुणा 0.75 मिलीमीटर। इस जापानी किताब 'शिकी नो कुसाबाना' के नाम से दुनिया की सबसे छोटी किताब का रिकॉर्ड है। 22 पन्नों की इस किताब में फूलों की आकृती और उनका जिक्र है ।इसे नोट छापने वाली तकनीक से प्रिंट किया गया।

सबसे ज़्यादा पढ़ी गयी किताब - यह रिकॉर्ड ईसाई धर्मग्रंथ बाइबिल के नाम है। गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड के मुताबिक दुनिया भर में अलग-अलग भाषाओं में बाइबिल की ढाई से लेकर पाँच अरब प्रतियाँ मौजूद है। इसका अनुवाद 2,500 से ज्यादा भाषाओं में हो चुका है। 'अगाथा क्रिस्टी' का 'मिस मारपेल' कलेक्शन सबसे भारी किताबों में पहले नंबर पर है । 4,032 पन्नों की यह किताब आठ किलोग्राम भारी है । इनमें एक बुजुर्ग जासूस हत्या चोरी और अन्य अपराधों के मामले सुलझाती है ।

**प्रश्न 1. ब)** जब हमें विश्वास हो गया कि इसमें कोई धोखा नहीं है, तब हमने फीस के रुपये लाकर उस्ताद को भेंट कर दिए और कहा, "उस्ताद कल सवेरे ही आ जाना। हम तैयार रहेंगे।

इस काम के लिए कपड़े भी बनवा लिए हैं। अगर गिर पड़े तो चोट पर लगाने के लिए जंबक भी खरीद लिया है। और हाँ हमारे पड़ोस में जो मिस्त्री रहता है, उससे साइकिल भी माँग ली है। आप सवेरे ही चले आएँ तो हरि नाम लेकर शुरू कर दें।" तिवारी जी और उस्ताद जी ने हमें हर तरह से तसल्ली दी और चले गए। इतने में हमें याद आया कि एक बात कहना भूल गए। नंगे पाँव भागे और उन्हें बाजार में जाकर पकड़ा। वे हैरान थे। हमने हाँफते-हाँफते कहा, "उस्ताद हम शहर के पास नहीं सीखेंगे, लारेंसबाग में जो मैदान है, वहाँ सीखेंगे। वहाँ एक तो भूमि नरम है, अगर गिरे तो चोट कम लगेगी। दूसरे वहाँ कोई देखता नहीं है। अब रात को आराम की नींद कहाँ ? बार-बार चौंकते थे और देखते थे कि कहीं सूरज तो नहीं निकल आया।सोते थे तो साइकिल के सपने आते थे। एक बार देखा कि हम साइकिल से गिरकर जख्मी हो गए हैं। साइकिल आप से आप हवा में चल रही है और लोग हमारी तरफ आँखें फाड़-फाड़ के देख रहे थे। कर वो पराने कपड़े पहन लिए, जंबक का डिब्बा भी खरीद लिया गया।

**प्रश्न 2 अ)**

'कर नहीं सकते' कह के अपना मुँह फुलाओ,
ऐसी हलकी बात कभी जी पर मत लाओ।
सुस्त, निकम्मे पड़े रहें आलस के मारे,
वही लोग ऐसा कहते हैं, समझो प्यारे।
जो जल में नहिं घुसे, तैरना उसको कैसे आवे,
जो गिरने से हिचके, उसको चलना कौन सिखावे।
जल में उतर तैरना सीखो, दौड़ो, सीखो चाल,
'निश्चय कर सकते है' कहकर सदा रहो खुशहाल।

**प्रश्न 2 क)**

संसार में ऐसा कोई व्यक्ति नहीं होगा, जो यह कह सके कि उसने कभी झूठ नहीं बोला है, संसार के सभी लोग झूठ बोलते हैं। लेकिन कुछ काफ़ी कम झूठ बोलते हैं, तो कुछ काफ़ी अधिक झूठ बोलते हैं। लेकिन आपने कभी यह सोचा है कि हम प्रतिदिन कितनी बार झूठ बोलते हैं। इस विषय पर मनोवैज्ञानिकों ने काफ़ी शोध किया है।उनके अनुसार,राजनेता सबसे अधिक झूठ बोलते हैं। जिसे सफ़ेद झूठ कहा जा सकता है । झूठ बोलने में सबसे अधिक सेल्समैन और नामी - गिरामी अभिनेता और अभिनेत्रियाँ आती हैं।

कभी कभी डॉक्टर को भी रोगी के उत्साहवर्धन के लिए झूठ बोलना पड़ता है।सबसे कम झूठ बोलने वालों में वैज्ञानिकों स्थापत्यकारों और इंजिनियरों का शुमार किया गया है। क्योंकि वे जानते हैं कि झूठ आसानी से पकड लिया जाएगा। दक्षिण कैलिफोर्निया के मनोवैज्ञानिक डॉ. गोराल्ड जेलिसन का कहना है कि एक व्यक्ती प्रतिदिन दो सौ बार झूठ बोलता है । जब कोई व्यक्ति झूठ बोलता है तो उसके स्वभाव में अंतर आ जाता है।आप इस बदले व्यवहार से अंदाज़ा लगा सकते है कि वह व्यक्ती आपसे झूठ बोल रहा है । झूठ बोलने वाले व्यक्ति का गला रुँध जाता है। उसके चेहरे पर पसीने की बूँद भी झलकने लगती है। उसकी आँखे चपल हो जाती हैं, क्योंकि उसे भय रहता है कि कहीं उसका झूठ पकड़ न लिया जाए। क्या झूठ बोलना पाप है या अपराध ?यह तो झूठ बोलने वाले व्यक्तिपर निर्भर करता है। यदि किसी व्यक्ति का जीवन सँवर जाता है, तो वह झूठ अपराध नहीं माना जाएगा। लेकिन आपकी किसी झूठ से किसी का अहित हो रहा है, तो वह झूठ अपराध की श्रेणी में आता है। अत: आप झूठ बोलें लेकिन ऐसा झूठ न बोले जिससे किसी का जीवन तबाह हो जाए।

**प्रश्न 3 इ)**

**राजस्थान में कुछ ऐसा हुआ कि सैंकड़ो घरों को बिजली बिल से मिल गया छुटकारा!**

**A.** जयपुर: भड़ला में देश का सबसे बडा सोलर पार्क बनाने के बाद राजस्थान अब सौर ऊर्जा छतों से बिजली बनाने की मुहिम चला रहा है।लक्ष्य है कि अगले पाँच साल में छतों से 2300 मेगावॉट बिजली का उत्पादन हो। यह काफ़ी चुनौती भरा टार्गेट है लेकिन सरकारने शुरुआत कर दी है।

**B.** 600 सी अधिक छतों से अब राज्य 88 MW बिजली का उत्पादन कर रहा है। घरों में सोलर पैनल लगाने के लिए 30 प्रतिशत तक की सब्सिडी भी है। एक मध्यमवर्गीय घर को 5 से 8 किलोवाट का सोलर सिस्टम लगाना पड़ता है। इसकी लागत है करीब पाँच लाख रुपये। सरकार इसके लिए रियायती दरों पर लोन भी देती है।

**C.** पवन चौहान जयपुर बिजली निगम के पहले ऐसे ग्राहक हैं जिन्होंने अपना बिजली बिल शून्य कर लिया है। पाँच कमरे के मकान में वे फ्रिज, दो एसी, पंखा सब चलाते हैं। लेकिन अब बिजली का पैसा उनके घर के छत पर लगे सोलर पैनल बचा देते हैं। छत पर सोलर पैनल लगाने के बाद यहाँ बन रही सौर ऊर्जा वापस बिजली के ग्रिड में जाती है। इस बार पवन चौहान ने 325 यूनिट बिजली इस्तेमाल की बाकी 727 युनिट बिजली ग्रिड में गई और उनके बिल से वह पैसा घट गया।चौहान ने कहा कि," इस सिस्टम से मेरा बिल तो शून्य हो ही गया लेकिन मैं एक बिजली उत्पादक भी बन गया हूँ। मेरे सिस्टम से जो बिजली बचती है वह मैं वापस ग्रीड को देता हूँ। मैं एक एक्सपोर्टर भी हूँ।

**D.** राज्य में 400 से ज़्यादा घरेलू ग्राहक हैं जिन्होंने अपनी छतों पर सोलर पैनल लगाए हैं। अब राज्य में 88 MW बिजली छतों से ग्रिड में आ रही है। मुख्यमंत्री जी ने खुद अपने घर को पूरी तरह से सोलर कर लिया है, जहाँ 180 युनिट बिजली बनाने की क्षमता है। मुख्यमंत्री जी ने एनडीटीव्ही को बताया कि, "देखिए यह बात काफ़ी आसान है। आप बिजली का उत्पादन करो, उसको ग्रिड में डालो और अपने बिल से घटा लो। हम लोगों को इस तरह से समझाते हैं। मैंने खुद अपने घर में सोलर सिस्टम लगा लिया है। अगर मैं कर सकती हूँ तो आप सब क्यों नहीं? "

**************************************************